JP GROUP OF EDUCATION

जे०पी० ग्रुप ऑफ एजुकेशन में स्व० जुगेश्वर प्रसाद जी की पूण्यतिथि मनाई गई।

आज दिनांक 14.05.2026 को जे०पी० ग्रुप के संस्थापक श्री शैलेश कुमार के पिता स्व० जुगेश्वर प्रसाद जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित छात्रों को संदेश देते हुए संस्थान के सचिव श्री शैलेश कुमार ने कहा की जे०पी० ग्रुप आज जो इस ऊँचाई पर पहुँचा है उसमें स्व० जुगेश्वर प्रसाद जी की प्रेरणा रही है उन्होंने ही यह सपना देखा था कि नालन्दा जिले में एक ऐसा संस्थान हो जहाँ सभी तरह की पढ़ाई की व्यवस्था हो। उन्हीं के सपनों को साकार करने हेतु वर्ष 2009 में जे०पी० ग्रुप की स्थापना हुई। उस समय से यह पौधा बढ़कर आज एक विशाल वृक्ष बन गया है, आज यहाँ नर्सरी से लेकर सभी तरह के टेक्निकल पढ़ाई हो रही है। आज यहाँ CBSE से मान्यता प्राप्त 10+2 विद्यालय, आई.टी.आई पॉलिटेक्निक, ईजीनियरिंग, डी.फार्म, बी.फार्म, एल.एल.बी., बी.ए.एल.एल.बी., डी.एल.एड., बी.एड., बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम., लाईब्रेरी सांईस, जर्नलिज्म, ए.एन.एम., जी.एन.एम., बी.एस.सी. नर्सिंग इत्यादि, विभिन्न तरह के कोर्स एक ही कैम्पस में उपलब्ध है ये सभी उपलब्धियाँ स्व० जुगेश्वर प्रसाद जी के प्रेरणा से ही हो पाया है।

पुण्यतिथि कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए प्रशासनिक पदाधिकारी श्री एस. दिवाकर ने कहा कि जब तक आप सपना नहीं देखोगे उसे पूरा कैसे करोगे स्व० जुगेश्वर प्रसाद ने सपना देखा और आज वह सपना हकीकत बना हुआ है। इस कार्यक्रम में जे०पी० कॉलेज के प्राचार्य डॉ० संजय कुमार, जे०पी० शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ० पुनीत कुमार शुक्ला, जे०पी० पॉलिटेक्निक के प्राचार्य ई० पूर्णेन्दु भूषण, जे०पी० कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ० राजीव कुमार सहित संस्थान में कार्यरत सभी शिक्षक एवं छात्र पुष्पाजंली अर्पित किये तथा यह शपथ लिया कि हम आगे भी इनके सपनों को पूरा करने का प्रयास करते रहेंगे।

ज्ञातव्य हो कि जे०पी० ग्रुप ऑफ एजुकेशन आज इस जिले ही नहीं बल्कि राज्य का एक अग्रणी शैक्षणिक संस्थान है जहाँ हर तरह की पढ़ाई एक सुविधाजनक तथा सम्मानजनक वातावरण में संपन्न होता है।

भवदीय

14/05/26